www.kahaar.in

ISSN (p): 2394-3912
ISSN (e): 2395-9369
त्रैमासिक 10 (4) अक्टूबर – दिसम्बर, 2023
प्रिंट कापी : रूपये 50/-
ऑनलाइन : रूपये 25/-
Technical Articles are Peer Reviewed

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

KAHAAR

A multilingual magazine for common people

प्रकाशक
प्रोफेसर एच्.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसाइटी, लखनऊ
(www.phssfoundation.org)
सह-प्रकाशक
पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति, लखनऊ (www.prithvipur.org)
बचपन क्रिएशन्स, लखनऊ(www.bachpancreations.com)
सोसायटी फॉर इन्वायरमेन्ट एण्ड पब्लिक हेल्थ (सेफ), लखनऊ

PrakashVirSingh
PHOTOGRAPHY

श्री अन्न की उपज आज की आवश्यकता–प्रो.अश्विनी मिश्र

अन्न की उपज आज की आवश्यकता: प्रो0 अश्विनी मिश्र

श्री अन्न की उपज आज की आवश्यकता: प्रो0 अश्विनी मिश्र

पूर्वांचल राज्य ब्यूरो गोरखपुर,(ब्यूरो प्रभारी वीपीमिश्र की रिपोर्ट)

गोरखपुर। डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, एवं पी.एच.एस.एस. फाउन्डेशन, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं के लिये कृषि में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर भी किया गया। एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर पी.एच.एस.एस. फाउन्डेशन, लखनऊ के सचिव प्रो. राना प्रताप सिंह व प्राचार्य प्रो. शैल पांडे ने किये। संस्था के प्रशासनिक अधिकारी श्री कृष्णानन्द के साथ क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी कुमार मिश्रा, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल द्विवेदी करार के साक्षी बने। कृषि में रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने कहा की बहु फसली पद्धति भारतीय परम्परागत कृषि में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। उन्होने कम जल में उच्च पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज जिसे श्री अन्न भी कहते हैं, पर विस्तार से बताया। कृषि क्षेत्र असीम सम्भावनाओं से भरा हुआ है एवं युवाओं की रूचि भी इस क्षेत्र में बढ़ रही है। इस अवसर पर पी.एच.एस.एस. फाउन्डेशन के सचिव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से आये प्रो. राना प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल पोषित भोजन की आवश्यकता है। इस हेतु आवश्यक है कि हमारी कृषि जैव उर्वरा आधारित हो जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

गोरखपुर | बृहस्पतिवार • 19 अक्टूबर • 2023

गोरखपुर

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

डीएवीपीजी ने किया पीएचएसएस फाउन्डेशन के साथ एमओयू

गोरखपुर(एसएनबी)। डीएवी पीजी कॉलेज, गोरखपुर एवं पीएचएसएस फाउन्डेशन लखनऊ के बीच बुधवार को एक एमओयू साइन किया गया। साथ ही संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के लिये कृषि में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजित हुवी।

एमओयू पर हस्ताक्षर पीएचएसएस फाउन्डेशन लखनऊ के सचिव प्रो. राना प्रताप सिंह व प्राचार्य प्रो. शैल पांडे ने किये। संस्था के प्रशासनिक अधिकारी कृष्णानन्द के साथ क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी कुमार मिश्रा, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल द्विवेदी करार के साक्षी बने।

कृषि में रोजगार के अवसर पर कार्यशाला भी आयोजित हुयी

श्रीअन्न की उपज आज की आवश्यकता: प्रो. अश्विनी मिश्र

कृषि में रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने कहा की बहु फसली पद्धति भारतीय परम्परागत कृषि में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कम जल में उच्च पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज श्री अन्न पर विस्तार से बताया। पीएचएसएस फाउन्डेशन के सचिव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ से आये प्रो. राना प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल पोषित भोजन की आवश्यकता है। उन्होंने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं कृषि के क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत प्रौद्योगिकी के विषय में छात्र-छात्राओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की।

प्रो. अनिल द्विवेदी ने कृषि में उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के उत्पादन पर प्रकाश डाला। गोरखपुर इन्वायरमेंटल एक्शन ग्रुप के पर्यावरण विशेषज्ञ अजय सिंह ने जलवायु परिवर्तन का कृषि क्षेत्र पर होने वाले प्रभाव को विस्तार से बताया। सुमन कुमार सिन्हा ने कम लागत से अधिक उत्पादन हेतु समन्वित खेती पर जोर दिया। साथ ही डॉ. एसके प्रभुजी ने मछली पालन में बेहतर रोजगार के अवसर पर व्याख्यान दिया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से शिक्षक डा. संजय कुमार पाण्डेय, डा. स्नेहलता त्रिपाठी, संजय मिश्रा, कु. रक्षा गुप्ता, प्रो. अवनीश, डा. वीना कुमारी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में तकरीबन 200 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक 10 (4) अक्टूबर – दिसम्बर, 2023

प्रधान संपादक
प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, लखनऊ

सम्पादक
प्रो. गोविन्द जी पाण्डेय
डॉ. संजय द्विवेदी

कार्यकारी सम्पादक
श्री कृष्णानन्द सिंह, लखनऊ

सह-सम्पादक
डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह, वाराणसी
डॉ. सीमा मिश्रा, गोरखपुर
श्री आकाश मौर्या, बाराबंकी
डॉ. पीयूष गोयल, नई दिल्ली
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, मऊ
डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय, लखनऊ

सम्पादक मण्डल
डॉ. राम सनेही द्विवेदी
डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, बालापार, गोरखपुर
डॉ. रामचेत चौधरी, गोरखपुर
डॉ. मधु भारद्वाज, लखनऊ।
प्रोफेसर राकेश सिंह सेंगर, मेरठ
डॉ. सुमन कुमार सिन्हा, गोरखपुर
डॉ. विष्णु प्रताप सिंह, लखनऊ
प्रोफेसर रामचन्द्र, लखनऊ
डॉ. अनुज कुमार सक्सेना, सीतापुर
डॉ. अर्चना (सेंगर) सिंह, कनिटकट (यूएस.ए.)

सलाहकार मण्डल
प्रोफेसर सरोज कान्त बारिक, लखनऊ
प्रोफेसर प्रफुल्ल वी. साने, जलगाँव
प्रोफेसर रामदेव शुक्ल, गोरखपुर
प्रोफेसर शशि भूषण अग्रवाल, वाराणसी
डॉ. एस.सी. शर्मा, लखनऊ
प्रोफेसर सूर्यकान्त, लखनऊ
प्रो. अरूण पाण्डेय, भोपाल
डॉ. रूद्रदेव त्रिपाठी, लखनऊ
प्रोफेसर रणवीर दहिया, रोहतक
प्रोफेसर एन. रघुराम, दिल्ली
डॉ. सुधा वशिष्ठ, लखनऊ
श्री आकाश वर्मा, लखनऊ
इ. रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ
डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, नई दिल्ली
डॉ. सिराज वजीह, गोरखपुर
प्रो. उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, लखनऊ
प्रोफेसर मालविका श्रीवास्तव, गोरखपुर
डॉ. निहारिका शंकर, नोएडा
श्री संजय सिंह, झांसी
श्री उपेन्द्र प्रताप राव, दुदही
इं. तरूण सेंगर, इरविन अमेरिका
डॉ. पूनम सेंगर, चण्डीगढ़
श्री अविनाश जैसवाल, दुदही

आवरण फोटो
श्री प्रकाशवीर सिंह, लखनऊ
प्रबन्ध-सम्पादक
श्री अंचल जैन, लखनऊ
सोशल मीडिया
श्री रंजीत शर्मा, लखनऊ
श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ

संपादकीय पता
04, पहली मंजिल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025 भारत
ई–मेल : phssoffice@gmail.com/dr.ranapratap59@gmail.com
वेबसाइट : www.kahaar.in/www.kahaar.org (web portal)
https://www.facebook/kahaarmagazine.com

Technical Articles are Peer Reviwed

सहयोग राशि	प्रिंटकापी	ऑनलाइन
एक प्रति	: 50 रूपये	25 रूपये
वार्षिक	: 180 रूपये	80 रूपये

सहयोग राशि 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटीः लखनऊ' के नाम भेजें।
खाता संख्या– 2900101002506, कैनरा बैंक, बी.बी.ए. विश्वविद्यालय, लखनऊ
IFSC Code - CNRB-0002900

घोषणा

लेखकों के विचार से 'कहार' की टीम का सहमत होना जरूरी नहीं। किसी रचना में उल्लेखित तथ्यात्मक भूल के लिए 'कहार' की टीम जिम्मेदार नहीं होगी।

लेखकों के लिए

वैचारिक रचनाओं में आवश्यक संदर्भ भी दें एवं इन संदर्भों का विस्तार रचना के अन्त में प्रस्तुत करें। अंग्रेजी रचनाओं का हिन्दी तथा हिन्दी सहित अन्य भाषाओं की रचनाओं का अंग्रेजी या हिन्दी में सारांश दें। मौलिक रचनाओं के साथ रचना के स्वलिखित, मौलिक एवं अप्रकाशित होने का प्रमाणपत्र दें। लेखक पासपोर्ट साइज फोटो भी भेंजे। रचनाऐं English के Times New Roman (12 Point) और हिन्दी के लिए कृति देव 10 में Word Format (Window 2003) में टाइप करें। तस्वीरें, चित्र, रेखाचित्र आदि PDF Format में भेंजे।

विज्ञापन दाताओं के लिए

विज्ञापन की विषय वस्तु के साथ ही भुगतान 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटी, लखनऊ' के नाम मल्टीसिटी चेक या बैंक ड्राफ्ट द्वारा सम्पादकीय पते पर भेजें। ऑनलाइन पेमेंट उपरोक्त* बैंक खाते में कर सकते है।

रूपये 6000/– पूरा पृष्ठ (सादा) रूपये 4000/– आधा पृष्ठ (सादा)
रूपये 10000/– पूरा पृष्ठ (रंगीन) रूपये 6000/– आधा पृष्ठ (रंगीन)

For Advertisers

Please send payment in form of DD or multicity cheques in favour of 'Professor H.S. Srivastava Foundation for Science and Society' Payable at Lucknow along with subscription forms or Advertisement draft. Online Payment can also be made in the account marked above as*.

Rs. 6000/- Full Page (B/W) Rs. 4000/- Half Page (B/W)
Rs. 10000/- Full Page (Color) Rs. 6000/- Half Page (Color

कहार एक पारम्परिक मनुष्य वाहक के लिए प्राचीन देशज सम्बोधन है। कहार की तरह ही यह पत्रिका जानकारियों एवं लोगों के बीच सेतु बनने की कोशिश कर रही है।

अनुक्रमणिका

क्र०सं०	विषय		पृष्ठ संख्या
01	सम्पादकीय	प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह	01
02	Editorial	Prof. Rana Pratap Singh	02
03	इस अंक में	श्री कृष्णानन्द सिंह	03
04	तेजी से हो रहे शहरीकरण के दौर में वायु प्रदूषण	श्री संदीप कल्याण एवं डॉ. भावना पाठक	04
05	खरीफ की दलहनी फसलों में समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन	डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. विजय लक्ष्मी राय, डॉ.रणधीर नायक एवं डॉ. डी.के. सिंह	07
06	छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका में सुधार के लिए पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली	डॉ. सुधांशु शेखर एवं डॉ. शिव मंगल प्रसाद	10
07	एक्वापोनिक्स : पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए एक आशाजनक विधि	आदित्य कुमार एवं रविन्द्र कुमार	13
08	Filler-1	Dr. Janaki Ammal	15
09	जुकिनी की खेती : भारत के किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक अच्छा विकल्प	डॉ. विनय कुमार	16
10	उर्वरको की पहचान, उत्तम कृषि बलवान	श्री शिवम सिंह1, श्री अंकित तिवारी2, सुश्री ऋचा रघुवंशी3, श्री सतेन्द्र कुमार1 एवं श्री राहुल कुमार वर्मा4	20
11	Filler-2	Dr. Ved Prakash Kamboj	21
12	धारणीय कृषि एवं पर्यावरण केंद्र, लखनऊ	प्रो0 राणा प्रताप सिंह एवं श्री आकाश मार्य	22
13	Agricultural Powerhouse in the World	Ms. Akanksha Singh, Dr. R S Sengar*, Dr. Krishanu & Mr. Khushagra Yadav	25
14	The Dark Side of Social Media: Cyberbullying in India	Dr. Dhirendra Pandey & Mr. Manish Joshi	29

सम्पादकीय

जहरीली साँसों का मौसम

हर वर्ष यही होता है। जब ठंढ का मौसम आने लगता, तो नमी, धूल और प्रदूषकों से लदी-फदी हवा, थोड़ी भारी होकर निचले वातावरण में पैर पसारने लगती। पिछले दशकों में जलवायु परिवर्तन से उपजे वैश्विक ऊष्मीकरण के दंश को झेलती दुनिया परेशान है। अब उद्योग और बाजार के फैलाव से वैश्विक गाँव बने विश्व के तेज आर्थिक विकास की चर्चाओ के बीच पर्यावरण संरक्षण, जल संकट, हरियाली, जैव विविधता, कार्बन तथा नाइट्रोजन फुट प्रिंट, प्राकृतिक खेती और वायु प्रदूषण से होने वाली साँस की बीमारियों एवं मौतों की चर्चा भी होने लगी है। बार -बार होने वाले युद्ध, विध्वंस और हथियारों के बाजार की बहसों के बीच शाँति, विस्थापन, समावेशी विकास और सहजीविता की बातें भी अब चर्चा और विमर्श का हिस्सा बनती रहती हैं। पर समस्याओं के अम्बार पर खड़े विश्व में समाधान की ओर बढ़ने के लिए मात्र इतने बदलाव पर्याप्त नहीं हैं।

यूँ तो हम महसूस कर सकते हैं, कि अब समाज के एक हिस्से का कृत्रिम रसायनों तथा बहुतायत में जीवाश्म ऊर्जा की खपत पर आधारित बड़े बहुराष्ट्रीय कारखानों में बनी वस्तुओं के अधिकतम खपत से आर्थिक विकास के दर्शन से कइयों का मोहभंग हुआ है। बड़ी संख्या में लोग अब प्राकृतिक संसाधनों तथा जैविक रसायनों और गैर पारंपरिक हरित ऊर्जा स्रोतों पर आधारित उत्पादों की तरफदारी करने लगें है। परन्तु अभी भी बड़े पैमाने पर हरित उद्योगों पर आधारित आवश्यक स्थानीय उत्पादन एवं कम खपत - कम कचरा उत्पादन के प्रकृति संगत विकास दर्शन से सम्यक् आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को भविष्य की विकास प्रणाली की रूप मे स्वीकार करने वाले कम ही हैं। कम ही लोग जानते और उससे भी कम लोग मानते हैं , कि सहभागिता एवं सहजीविता से सुख प्राप्त करना ही प्राकृतिक और मानवीय विकास प्रणाली है। अभी भी बहुत कम लोंगों को भान है, कि एक आनंदमयी मानवीय जीवन के लिये हमें साफ हवा, साफ पानी, विषविहीन भोजन, स्वस्थ शरीर और शान्त मन की जरूरत है, धन दौलत और अपने चारो ओर रखे हुए अनगिनत सामानों की नहीं। कि हम संश्लेषित रसायनों और विषाक्त जलवायु के बीच लंबे समय तक स्वस्थ, सुखी और जीवित नहीं रह सकते। कि हम सोना शरीर में पहन कर चमक तो सकते हैं , उसे खाकर अपनी भूख नहीं मिटा सकते ।

हम मनुष्यों के जिस तरह के आपस में विविध प्रकार के संबंध होते हैं, उसी तरह हमारे संबंध वनस्पतियों, वृक्षों, पक्षियों, पशुओं, पहाड़ें, पानी, धूप, हवा आदि सभी जीवित-अजीवित जीवों और पदार्थों से होते हैं। जिस तरह हमारे मनुष्यवत् संबंध हमारी मंशा और व्यवहार से परिलक्षित होते हैं, और दूसरों को आकर्षित या विकर्षित करते रहते , उसी तरह हमारे मनुष्यतर संबंध भी हमारी नीयत और व्यवहार से ही संचालित होते हैं । मनुष्योतर जीव और अजीव भी उस सकारात्मक तथा नकारात्मक विचारों और ऊर्जा पुंजों से हमारे संबंधों को महसूस करने और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं ।

हमारे देश में भी अन्य देशों की तरह ही विचारक हैं, सरकारें हैं, विभाग- प्रभाग हैं, कानून हैं, व्यवस्थाएँ हैं, तो वर्ष- दर -वर्ष सर्दियों की हवा इतनी जहरीली क्यों होती जा रही है ? सर्दियाँ आते न आते साँस की बीमारियों से त्रस्त मरीजों की कतारें अस्पतालों की भीड़ में खोने लगती। मौतों का आकड़ बढ़ने लगता। दिल्ली की खराब हवा के लिए सारा तन्त्र पराली जालाने वाले किसानों को कोसने लगता। पटाखों और प्रदूषण के संबंध को जानते हुए भी त्योहारों पर पटाखों की आवाज़ थमने का नाम नहीं लेती । कारखानों की चिमनियों का जहरीला धुआँ और शहरों में मोटर गाड़ियों का रेंगना जाड़ें मे और बढ़ने लगता । सब लोग अपने अलावे दूसरों पर उँगली उठने लगते । सर्दियाँ आ रहीं हैं । फिर से यही सब होने वाला है । आप सब सावधान रहें । दूसरों पर उँगली उठाएँ पर एक बार उँगली अपनी छाती की ओर करके रोज थोड़ी देर मनन करें। सब मिलकर शायद अगले जाड़े की हवा से थोड़ा जहर कम कर सकें। मैं भी इस अभियान में आप सबके साथ हूँ, एक उँगली रोज सुबह अपनी ओर भी करके मनन करने के अभियान में।

राणा प्रताप

(राणा प्रताप सिंह)
www.ranapratap.in

04, पहली मंजिल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025
ई–मेलः dr.ranapratap59@gmail.com

Editorial

A Seasion of Toxic Breath and Wet Air

This happens every year. When the cold season starts, the air laden with moisture, dust and pollutants becomes a little heavier and starts spreading in the lower atmosphere. The world, which is suffering with the brunt of global warming due to climate change in the last decades, is warried, Considered as a global village, due to the expansion of industry and market national boundaries are diminishing. Amidst the rapid economic development of the world, environmental protection, water crisis, greenery, biodiversity, carbon and nitrogen foot print, natural respiratory diseases and deaths caused by poisoned food and air pollution are also being discussed frequently. The frequent debates about war, destruction, and arms market, talks about peace, displacement, inclusive development, and symbiosis have also started as a routine in the entire world it. But looking on the crisis of environmental deterioration, wars and conflicts, it is not adequate.

In fact, we can feel that now a part of the society is disillusioned with the philosophy of economic development based on maximum consumption of goods made in big multinational factories based on the consumption of synthetic chemicals and abundant fossil energy. The world is talking to favor products based on natural resources and organic natural substances, as well as the use of non-conventional green energy sources. But there are still very few people who accept the future development system for proper economic, social and cultural development based on green industries on a large scale and the nature compatible development philosophy of essential local production, less consumption and less waste production. Very few people know and even lesser people believe that achieving happiness through participation and symbiosis is the natural and human development system. Still very few people are aware that for a happy human life, we need clean air and clean water. What is needed is non-toxic food, healthy body, and peaceful mind, not wealth and countless things kept around us. That we cannot remain healthy, happy and alive for long amidst synthetic chemicals and toxic climate. That we can shine by wearing gold in our body, but we cannot survive by eating it.

Just as we humans have various types of relationships among ourselves, similarly we have relationships with plants, trees, birds, animals, mountains, water, sunlight, air, etc., all living and non-living substances. Just as our human relationships are reflected by our intentions and behavior, and attract or repel others, similarly our non-human relationships are also governed by our intentions and behavior. "The non-human beings and non-living beings also sense our relationship with those positive and negative thoughts and energy beams and respond accordingly.

In our country, like other countries, there are thinkers, there are governments, there are departments, there are laws, there are systems, then why is the winter air becoming so poisonous year after year. By the time winter arrived, the queues of patients suffering from respiratory diseases started getting lost in the crowd of hospitals. The number of deaths starts increasing. People started cursing the farmers for the bad air of Delhi. The sound of firecrackers never stops during festivals. The poisonous smoke from the chimneys of factories and the creep of motor vehicles in the cities started increasing. Everyone started pointing fingers at others besides themselves. Winters are coming. All this is going to happen again. All of you be careful. Point your finger at others, but point your finger towards your chest and think for a while every day. Together, maybe we can remove a little poison from the air next winter. I am also with you all in this campaign, in the campaign of thinking and pointing one finger towards my self every morning.

Rana Pratap

(Rana Pratap Singh)
www.ranapratap.in

इस अंक मे

कहार के इस अंक मे हम विभिन्न क्षेत्रों पर आलेख प्रकाशित कर रहे है। इस पत्रिका का मुख्य स्वर पर्यावरण संरक्षण और कृषि की धारणीयता के साथ–साथ यह अंक दुनियाँ मे होने वाले नये–नये अन्वेषणों और समाज मे हो रहे बदलाओं को भी रेखांकित कर रहा है। पहले की तरह ही इस अंक मे भी हमारे लेखको ने अपने–अपने क्षेत्रों के महत्वपूर्ण विषयों पर आलेख दिए हैं। जिसे पढ़कर हमारे पाठकों को विज्ञान और कृषि मे हो रहे बदलावों और उससे निपटने के उपायों के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन से अपनी कृषि और पर्यावरण को बचाए रखने में इसमे मदद मिलेगी।

इस अंक मे आचार्य राणा प्रताप जी जो की कहार पत्रिका के प्रधान सम्पादक और भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय के आचार्य है, ने उल्लेख किया हैं कि सर्दियों के मौसम मे वायु प्रदूषण कैसे भयावह रूप ले लेता हैं, जिसकी वजह से बड़े शहरों के लोगों को साँस की अनेक बीमारियाँ होने लगी हैं। इन्होंने चेताया है कि दशकों से जलवायु परिवर्तन से उपजे वैश्विक ऊष्मिकरण और प्रदूषण की जद में धीरे धीरे पूरी दुनिया फसती जा रही हैं। शहर के साथ–साथ अब गाँवों की तरफ भी विकास होने से प्रदूषण फैल रहा है तथा तेजी से हो रहे आर्थिक विकास से पर्यावरण संरक्षण, जल संकट, हरियाली तथा जैव–विविधता के क्षरण की समस्याएं बढ़ती जा रही हैंद्य वायु प्रदूषण से होने वाले सांस की समस्याओं और मौत की अब चर्चाएं होने लगी हैं। इसके बाद गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका प्रोफेसर श्रीमती भावना पाठक ने हमारे देश मे तेजी हो रहे शहरीकरण के वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, उसके बारे मे आगाह किया हैं और बताया है कि इस से समस्या से भविष्य मे लोगों को कितनी परेशानी होने वाली हैं, इसलिए समय रहते इसका निदान जरूरी है।

आजमगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० रुद्र प्रताप सिंह जी ने खरीफ की दलहनी फसलों मे मिलने वाले प्रोटीन, पोषक और खनिज पदार्थों के बारे मे बताया है, और उनमे अनेक प्रकार के रोगों और कीट–पतंगों से बचाने के उपाय भी साझा किये हैं। साथ ही साथ उन्होंने कृषि मे हो रहे रासायनिक उर्वरकों को धीरे–धीरे कम करके जैविक खेती को अपनाने की वकालत की है कि रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खादें के प्रयोग से कृषि मे अनेक पर्यावरण तथा पोषण से जुड़े लाभ मिल सकें।

कृषि विज्ञान कोडरमा झारखंड और केन्द्रीय चावल अनुसंधान केंद्र हजारीबाग, झारखंड के वैज्ञानिक सुधांशु शेखर और डा० शिव मंगल प्रसाद जी ने बताया है कि भारत मे ज्यादातर किसान लघु और सीमांत किसान हैं और जलवायु परिवर्तन की वजह से उनकी कृषि उपज पर बुरा असर पड़ रहा हैं। उन्होंने समझाया है कि कैसे हम किसानों की आजीविका में सुधार कर सकते है। इस अंक मे पाम आयल कम्पनी इथोपिया के भी अमजद अंसारी ने एवोकेडो नामक फल के लाभ और उपयोग के बारे मे बताया है। डॉ० विनय कुमार जो पंजाब विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं, उनके अनुसार जुकनी जो कि एक विदेशी सब्जी हैं, भारत मे उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं तथा इसमे अनेक प्रकार की औषधीय क्षमताएं भी हैं। उन्होंने बताया है कि जुकनी में विटामिन, खनिज और फाइबर अधिक मात्रा मे पाया जाता हैं।

मेरठ यूनिवर्सिटी के शोधार्थी शिवम सिंह और उनके अन्य सहकर्मियों ने किसानों द्वारा प्रयोग किये जा रहे उर्वरकों को पहचानने और बाजार मे बिक रहे नकली उर्वकों की बीच के अंतर को समझाया हैं और किसानों से आग्रह किया हैं कि, किसान ध्यान से उर्वरकों की पहचान करके अपने खेतों मे प्रयोग करें, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके और उन्हे लाभ हो सके।

मेरठ यूनिवर्सिटी के आचार्य प्रोफेसर आर एस सेंगर ने कृषि एवं खाद्य क्षेत्र मे हमारे देश की नई उपलब्धियों बारे मे अपने विचार साझा किये हैं और बताया है कि कैसे कोविड–19 के दौर मे और के बाद देश मे आत्मनिर्भरता के साथ–साथ पूरी दुनियाँ को खाद्य आपूर्ति पहुचाई गयी है। आज भारत एक विशाल खाद्य उत्पादक देश बन गया हैं, जहां अनेक तरह के खाद्य पदार्थ देश के भी और बाहर उपयोग के लिए उपलब्ध हैं।

बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सह आचार्य डॉ० धीरेन्द्र पाण्डेय जी ने अपने आलेख में आज के दौर मे देश मे हो रहे सोशल मीडिया से फ्रॉड और आम लोगों के साथ हो रहे धोखे के बारे मे अवगत कराया है। हमें उम्मीद हियाँ की आपको यह अंक पसंद आयेगा। अपनी प्रतिक्रिया से हामे अवगत कराते रहें।

कृष्णानन्द सिंह
कार्यकारी संपादक
kahaarmagazine@gmail-com

पर्यावरण विमर्श

विषय विशेषज्ञ से समीक्षित

तेजी से हो रहे शहरीकरण के दौर में वायु प्रदूषण

❑ श्री संदीप कल्याण एवं डॉ. भावना पाठक

जनसंख्या में लगातार हो रही वृद्धि ने हमें एक ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है, जहां से पीछे नहीं हटना मुश्किल है। इस बढ़ती आबादी के अपने परिणाम हैं जैसे संसाधनों का अत्यधिक उपयोग, भूमि उपयोग और भूमि आवरण में परिवर्तन, पर्यावरण और जैव विविधता में गिरावट आदि। एक परिभाषित क्षेत्र में जनसंख्या। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की शहरी आबादी 2021 में 33ः को पार कर गई थी, जिसे 2026 तक पहुंचना था। इसका मतलब है कि भारत की शहरी आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है, शहरीकरण का प्रभाव स्वच्छता, भीड़भाड़ आदि जैसे विभिन्न मुद्दों के साथ आता है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण में से एक प्रदूषण है। शहरी ताप द्वीप उन प्रमुख कारकों में से एक है जिनका शहरी वायु गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है क्योंकि यह शहरी तापमान की स्थिति को निर्धारित करता है। शहरी वायु गुणवत्ता को परिभाषित करने वाले प्रमुख प्रदूषक पीएम, ग्रीनहाउस गैसें (GHG), एसओएक्स (So_x), एनओएक्स (No_x),आदि हैं, जो वाहनों के आवागमन, सतह के गर्म होने, एरोसोल, खुली हवा में जलने और छोटे उद्योगों आदि के कारण होते हैं, एवं UHI परिघटना को भी प्राप्त करते हैं। लॉकडाउन और प्री–लॉकडाउन अवधि के लिए किए गए तुलनात्मक अध्ययन से भी यह स्पष्ट होता है। इस पेपर में तेजी से बढ़ते शहरीकरण से हवा की गुणवत्ता कैसे निर्धारित होती है, इसकी समझ अति आवश्यक है और यह भी सुझाव देता है कि हम स्थायी और प्रभावी नीतिगत सुधारों को लागू करके इस तरह के मुद्दों को कैसे दूर कर सकते हैं और अनुसंधान कैसे कुशलता से योगदान दे सकता है।

1. परिचय

पिछले कुछ दशकों में आबादी के समूह ने शहरीकरण में भारी बदलाव किया है और इसे 21वीं सदी की सबसे परिवर्तनकारी प्रवृत्ति बना दिया है। ष्शहरीकरण असतत क्षेत्रों में मानव आबादी की एकाग्रता को संदर्भित करता है। यह एकाग्रता आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और परिवहन उद्देश्यों के लिए भूमि के परिवर्तन की ओर ले जाती है। इसमें घनी आबादी वाले केंद्र, साथ ही साथ उनके आस–पास के पेरी–शहरी या उपनगरीय किनारे शामिल हो सकते हैं। शहरीकरण एक तीव्र भूमि–उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया है जो शहरी संरचना के आधार पर विभिन्न प्रतिरूप उत्पन्न करती है। शहरीकरण के तीन चरण हैं क्योंकि प्रारंभिक चरण में कृषि गतिविधियों और बिखरी हुई बस्तियों का प्रभुत्व है, चरण दो को त्वरण चरण के रूप में जाना जाता है जहां अर्थव्यवस्था का पुनर्गठन होता है, तीसरे चरण को टर्मिनल चरण के रूप में जाना जाता है जिसमें कुल जनसंख्या का शहरी आबादी >75% से अधिक हो जाती है।

भारत में, एक शहरी क्षेत्र या तो एक अधिसूचित क्षेत्र है जैसे कि नगर पालिका, निगम शहरीकरण कुछ सकारात्मक चीजों के साथ आता है जैसे नौकरी के अवसर, आधुनिक जीवन शैली, जीवनयापन में आसानी, बुनियादी ढांचा और परिवहन आदि लेकिन नकारात्मक प्रभाव बदतर हैं और वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषताओं को बदलने में सक्षम हैं।

ग्रामीण आबादी पहले ही बढ़ना बंद कर चुकी है और 2009 के बाद से एक घटती प्रवृत्ति देखी जा सकती है जिसका अर्थ है कि शहरी आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। 2021 में विश्व बैंक के अनुसार कुल वैश्विक आबादी का लगभग 57ः शहरी इलाकों में रहता है जो (संयुक्त राष्ट्र) के अनुसार 2050 तक 68% तक पहुंचने की संभावना है। 2026 में भारत की शहरी आबादी में 36% की वृद्धि होने की संभावना है, लेकिन फिर से विश्व बैंक के अनुसार जनसंख्या पहले ही 2021 में 34% को पार कर चुकी है, जो दर्शाता है कि भारत की शहरी आबादी बहुत अधिक दर से बढ़ रही है। और 2050 तक कुल आबादी का 50% शहरी क्षेत्रों में आ जायेगा। उच्च शहरी विकास और जनसंख्या वाले राज्य तमिलनाडु (48.4ः), केरल (47.7ः), महाराष्ट्र (45.2ः) और गुजरात (42.6ः) हैं। इन राज्यों में 2011 में भारत की कुल शहरी आबादी का एक तिहाई हिस्सा रहता है। भारत की 75ः से अधिक शहरी आबादी केवल 12 प्रमुख शहरों के पास है। 2011 में दस लाख या उससे अधिक की आबादी वाले 53 शहर थे जो 2031 तक बढ़कर 87 हो जाएंगे।

शहरीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसमें औद्योगिक, आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए एक प्रकार की भूमि का दूसरे प्रकार में परिवर्तन, परिवर्तन और स्थानांतरण होता है। भूमि के इस परिवर्तन की प्रवृत्ति को समझना बहुत महत्वपूर्ण और समय की आवश्यकता है क्योंकि हम इसके साथ आने वाले बाद के परिणामों को दूर करने में सक्षम हो सकते हैं। यह कुछ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों के साथ आता है जो नियमित पर्यावरणीय और जलवायु प्रक्रियाओं में बाधा डालने के लिए पर्याप्त हैं और मानव के साथ–साथ पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए भी खतरा हैं। तेजी से शहरीकरण भी जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है और ठंडे या गर्म द्वीप प्रभाव के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के मानव स्वास्थ्य और सामाजिक–अर्थशास्त्र को प्रभावित कर रहा है।

2. शहरीकरण के प्रभाव

शहरीकरण के नेतृत्व वाले शहरी फैलाव का पर्यावरण पर व्यापक और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है और मौसम और जलवायु परिस्थितियों के प्रति भेद्यता बढ़ जाती है। प्रभाव बिगड़ रहे हैं जब अर्ध–शहरी या ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित होते हैं और वे अनावश्यक रूप से कीमत वहन करते हैं। परिवर्तित पारिस्थितिक तंत्र संरचना से मिट्टी, पानी, वायु की गुणवत्ता और जैव विविधता का क्षरण होगा। इनका–विविधता प्रत्यक्ष पर्यावरणीय कारकों (जलवायु परिवर्तन,

पर्यावरण और संधारणीय विकास संस्थान, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर, 382030 गुजरात
ई–मेलः bhawana-pathak@cug-ac-in

भूमि आवरण परिवर्तन, नाइट्रोजन जमाव, शहरीकरण) और अप्रत्यक्ष (सामाजिक–आर्थिक, जनसंख्या, प्रौद्योगिकी–विकास, मानव व्यवहार और नीतियां) से प्रभावित होती हैं लेकिन शहरीकरण एक है प्रमुख कारक जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और भविष्य के परिवर्तन की भयावहता को परिभाषित करता है।

इसका प्रभाव प्राकृतिक इकाइयों पर भी पड़ेगा जैसे कि फसली भूमि, जल निकाय, कृषि भूमि और वन आवरण का नुकसान। यह पाया गया है कि भारत में तेजी से शहरीकरण जैव विविधता, मिट्टी के क्षरण, जैव भू–रासायनिक और जल विज्ञान चक्र और भूमि उपयोग और भूमि कवर (एलयूएलसी) को गंभीर रूप से प्रभावित करते है। शहरीकरण वजह से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि, संसाधनों का अत्यधिक दोहन, बाढ़ का अधिक जोखिम, सूखा और अन्य पर्यावरणीय आपदाओं जैसी कुछ चुनौतियाँ आती है, विशेष रूप से उन शहरों में जहाँ दिल्ली और मुंबई जैसी 99: से अधिक शहरी आबादी है।

शहरी प्रदूषण में भी दोपहर के तापमान को 0.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ाने की क्षमता होती है जो फिर से अन्य वायु प्रदूषकों के लिए अग्रदूत के रूप में काम करता है। सबसे प्रत्यक्ष और कारणात्मक प्रभावों में से एक वायु की गुणवत्ता पर होता है क्योंकि इसका एक महत्वपूर्ण स्थानिक सहसंबंध है; आगे वायु प्रदूषण का पर्यावरण (पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं) और मानव स्वास्थ्य रोगों जै हृदय और श्वसन से संबंधित प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण पर इसकी सकारात्मक और नकारात्मक प्रतिक्रिया होती है। शहरी हवा की गुणवत्ता का निवासी आबादी, वाहनों की संख्या, औद्योगिक उत्पादन के मूल्य आदि के साथ सीधा और सकारात्मक महत्वपूर्ण संबंध है जो अध्ययन और समय की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

3. वायु गुणवत्ता पर प्रभाव

शहरीकरण का प्रभाव हवा की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की बहुत संभावना है, अधिक आबादी वाले शहरों में खराब हवा की गुणवत्ता होती है जो सतह के ताप के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनसंख्या घनत्व, उद्योग, तेजी से शहरीकरण दर, एरोसोल, खुली हवा में जलन आदि हवा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में प्रदूषकों के प्रमुख स्रोतों में से एक मोटर–वाहन उत्सर्जित यौगिक हैं जैसे CO, NOx, PM10, PM2.5, PM0.1, ब्लैक कार्बन, पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन और बेंजीन। शहरों में कणिका तत्व का निलंबन भीड़भाड़ वाली सड़कों पर अधिक पाया जाता है। औद्योगिक विकास के कारण सतही वायु प्रदूषक बढ़ रहे हैं जो वायु प्रदूषण के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

शहरीकरण में कार्बन पृथक्करण को प्रभावित करने की भी क्षमता है क्योंकि यह वायु प्रदूषकों की सांद्रता में बदलाव के साथ भूमि के गुणों को बदलता है जिसका कार्बन पृथक्करण के साथ महत्वपूर्ण संबंध है। बढ़े हुए वायु प्रदूषण ने कुछ अन्य गंभीर जलवायु संबंधी घटनाओं जैसे अर्बन हीट आइलैंड (यूएचआई) या ठंडे द्वीप को जन्म दिया, जो इसे जलवायु नियमन के प्राथमिक चालकों में से एक बनाता है। शहरी आबादी और शहरों में PM2.5 की सघनता में एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संबंध है। उदाहरण, मई और दिसंबर में UHI परिमाण दिल्ली में क्रमशः 2.2 डिग्री सेल्सियस और 1.5 डिग्री सेल्सियस पाया गया और बीजिंग में सामान्य दिनों की तुलना में तीव्रता 11.1: अधिक थी। दिन और रात दोनों समय सतह ओजोन सांद्रता में क्रमशः 2.9–4.2: और 4.7–8.5: की वृद्धि पाई गई है, जिसके कारण धुंध का निर्माण हुआ। प्रदूषकों में ये परिवर्तन नियमित वर्षा स्थानिक लौकिक प्रतिरूप में भी बाधा डालते हैं और चरम घटनाओं को जन्म देते हैं। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि शहरी विकास ने वायु गुणवत्ता को खराब कर दिया है, हालांकि प्रभाव शहरीकरण के प्रकार और स्थान पर भी निर्भर करता है।

शहरी वायु प्रदूषण व्यापक रूप से ज्ञात है और मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव भी 50 से अधिक वर्षों से एक मान्यता प्राप्त मुद्दा है और नकारात्मक प्रभाव भी वैज्ञानिक रूप से सिद्ध और प्रशंसित हैं। चूंकि निर्मित क्षेत्र न केवल बड़े शहरों में बढ़ रहे हैं, बल्कि छोटे शहरों में भी तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रहने वाले लोगों की जीवन शैली में बदलाव आया है, जो उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। उच्च शहरीकरण वाले क्षेत्रों में हाल के दिनों में अधिक पुरानी बीमारियाँ होती हैं और इसके परिणामस्वरूप, जन्म दर में कमी की प्रवृत्ति और 65 वर्ष से अधिक की बढ़ती जनसंख्या पाई गई है। खराब हवा की गुणवत्ता बच्चों के लिए न्यूरोटॉक्सिन भी हो सकती है क्योंकि वे वायु प्रदूषण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील और कमजोर वर्ग हैं। भारत और चीन जैसे देशों में हृदय रोगों के कारण मृत्यु दर में भी वृद्धि देखी गई है।

वायु प्रदूषकों की तीव्र सांद्रता न केवल प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है बल्कि सतह के गर्म होने या यूएचआई घटना का भी प्रभाव पड़ता



चित्र 1: शहरीकरण का वायु गुणवत्ता पर प्रभाव

है जो चक्रीय तरीके से काम करता है (चित्र 1)। शहरी गतिविधियों के कारण एलयूएलसी परिवर्तन पौधों, जंगलों और अन्य हरित आवरण की कार्बन पृथक्करण क्षमता का एक कारण है। मानव स्वास्थ्य शहरीकरण के नेतृत्व वाले वायु प्रदूषकों का अंतिम कारण है जो पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर भी निर्भर करता है। यदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य बिगड़ता है तो बाकी संतुलन में नहीं हो सकते।

4. निष्कर्ष

वायु प्रदूषण की गंभीरता मानव स्वास्थ्य के साथ–साथ क्षेत्र के सामाजिक–अर्थशास्त्र के लिए भी खतरा है। इस समीक्षा में वायु गुणवत्ता पर शहरीकरण के प्रभाव को समझा गया है। हालांकि एक व्यापक समीक्षा के माध्यम से भी, सभी मापदंडों और वायु गुणवत्ता के साथ उनके संबंध को ध्यान में रखना मुश्किल है क्योंकि इसका अंतर्निहित शहरी सतहों के साथ एक जटिल संबंध है। एक विस्तृत अध्ययन के लिए एक मॉडल–आधारित मानकीकरण की आवश्यकता होती है और इसमें शहरी भवन की ऊँचाई, भूमि–उपयोग पैच आकार और सतह तापीय वातावरण जैसे सतही पैरामीटर शामिल होते हैं। कई राज्यों के लिए बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण के जोखिम को कम करना बहुत मुश्किल काम है इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रदूषण में कमी और नए टिकाऊ ऊर्जा प्रतिस्थापन पर काम करने की आवश्यकता हैं। मूर्त सतत विकासात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लोगों को वायु प्रदूषण के वर्तमान परिदृश्य और इसके प्रभाव के बारे में जागरूक होना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके परिणामों को दूर करने के लिए बेहतर नीतिगत सुधारों और वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

कृषि धारणीयता

विषय विशेषज्ञ से समीक्षित

खरीफ की दलहनी फसलों में समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन

❑ डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. विजय लक्ष्मी राय, डॉ. रणधीर नायक एवं डॉ. डी.के. सिंह

दलहनी फसलों का हमारे दैनिक जीवन में बहुत बड़ा योगदान है । इसमें 20 से 25 प्रतिशत प्रोटीन पायी जाती है । इसके अतिरिक्त रेशा, विटामिन, खनिज लवण जैसे–लौह, मैगनिशियम, फास्फोरस, जिंक आदि पाया जाता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त आवश्यक है । दलहनी फसलें भूमि को आच्छादन प्रदान करती हैं, जिससे भूमि का कटाव कम होता है, साथ ही नत्रजन स्थिरीकरण का नैसर्गिक गुण होने के कारण वायुमण्डलीय नत्रजन को अपनी जड़ों में स्थिर करके मृदा उर्वरता को बढ़ाती है। विश्व में दलहन की खेती 93.18 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जाती है, जिससे 964.0 किलोग्राम/हेक्टेयर उत्पादकता के साथ 89.82 मिलियन टन उत्पादन प्राप्त होता है (वार्षिक रिपोर्ट 2021–22, दलहन विकास निदेशालय, भोपाल, म०प्र०)। विश्व में दलहन की खेती मुख्य रूप से भारत, कनाडा, म्यांमार, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, रूस, यूक्रेन, यू0एस0ए0, फ्रांस तथा तंजानिया में की जाती है । भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है । विश्व स्तर पर दलहन के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में हमारा देश अग्रणी है। हमारे देश में दलहन की खेती 28.78 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जाती है, जिससे 885 किलोग्राम/हेक्टेयर उत्पादकता के साथ 25.46 मिलियन टन उत्पादन प्राप्त होता है । हमारे देश में दलहन की खेती मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में की जाती है। दालों की प्रति व्यक्ति प्रति दिन की उपलब्धता 45 ग्राम है। दलहनी फसलों जैसे–चना, अरहर, उर्द, मूंग, मसूर व मटर की खेती प्रमुख रूप से की जाती है । खरीफ दलहनी फसलों में अरहर, उर्द व मूंग प्रमुख हैं। दलहनी फसलों में कई प्रकार के कीटों व रोगों का प्रकोप होता है, जिससे उत्पादन अधिक प्रभावित होता है। खरीफ दलहनी फसलों में लगने वाले कीट व रोगों का समेकित प्रबंधन निम्न प्रकार है।

अरहर के प्रमुख कीट एवं रोगः

(क) पत्ती एवं प्ररोह मोड़क कीटः इस कीट का पतंगा छोटा गहरे भूरे रंग का होता है तथा इसकी सूड़ी छोटी हल्के पीले रंग की होती है । यह कीट जुलाई–अगस्त में सर्वाधिक सक्रिय रहता है । पौधे की पत्ती के निचली सतह पर इसका प्रभाव अधिक होता है । इसकी सूड़ी ऊपर के 3–4 पत्तियों को मोड़कर एक लूप जैसा बना लेती है और उसी में रह कर अन्दर ही खाती रहती है । इस प्रकार क्षतिग्रस्त पौधे की वृद्धि रुक जाती है । प्रभावित पौधे में बहुत कम पत्तियां आती हैं ।

(ख) फली भेदक कीटः प्रौढ़ कीट मजबूत एवं हल्के भूरे रंग का होता है । इसके अगली जोड़ी के पंखों पर भूरे रंग के बिन्दु पाए जाते हैं जो कि धारीदार रेखाएं बनाते हैं तथा ऊपर की तरफ काले रंग के धब्बे पड़े रहते हैं, नीचे वृक्काकार धब्बा पाया जाता है । पिछले जोड़ी के पंख सफेद हल्के रंग के होते हैं तथा बाहरी सिरे पर काली धारी का किनारा होता है ।

मादा कीट अरहर के पुष्पों, फलियों, कोमल फलियों एवं कभी–कभी प्ररोह के अग्रभाग पर एक–एक करके अण्डे देती है । रात्रि में दिये गये अण्डों से 2–5 दिनों में गिडारें निकलकर करीब 4–5 दिनों तक फलियों के ऊपरी भाग को खुरचकर खाती हैं। तत्पश्चात गिडारें (सूड़ियाँ) फलियों में गोलाकार छिद्र बनाकर विकसित हो रहे दानों को खा जाती हैं तथा छिद्रों के स्थान पर सूड़ी का मल लगा रहता है।

(ग) फली मक्खीः यह कीट अरहर का प्रमुख शत्रु है। वयस्क मक्खी धात्विक हरे रंग की होती है । इसका आकार छोटा होता है । आखें त्रिभुजाकार बड़ी तथा हरे रंग की होती है । अक्टूबर से अप्रैल के मध्य अरहर की फलियों पर मक्खी का प्रकोप अत्यधिक रहता है । तेज जाड़े में इस कीट की वृद्धि धीमी हो जाती है । इस कीट के जीवन काल की अण्डा, गिडार एवं प्यूपा जैसी सभी अवस्थाएं फली के भीतर ही पूरी होती हैं। अण्डों से निकलने के बाद गिडारें विकसित दानों की वाह्य पर्त को कुछ समय तक खाती हैं, तत्पश्चात ये दानों में छेदकर प्रवेश कर जाती हैं एवं भीतर ही भीतर दानों को खाकर क्षति पहुंचाती हैं। पूर्ण विकसित गिडार दाने पर नालीनुमा स्थान बनाकर दाने से बाहर आ जाती है ।

अरहर के प्रमुख रोगः

(क) उकठा रोगः यह रोग फ्यूजेरियम नामक कवक से फैलता है जो पौधों में पानी एवं खाद्य पदार्थ के संचार को रोक देता है, जिससे पत्तियां पीली पडकर सूख जाती हैं और पौधा सूख जाता है । इसकी जड़े सड़कर गहरे रंग की हो जाती हैं तथा छाल हटाने पर जड़ से लेकर तने की ऊँचाई तक काले रंग की धारियां पायी जाती हैं ।

(ख) तना विगलनः इस रोग में पौधा सूख जाता है, पर पौधों की

कृषि विज्ञान केंद्र, कोटवा, आजमगढ़ (उ०प्र०), 276207
सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान), कृषि महाविद्यालय परिसर, कोटवा, आज़मगढ़ (उ०प्र०)
ई–मेलः rudrapsinghdoe@gmail.com

जड़ें स्वस्थ रहती हैं । पौधों के तनों पर भूमि सतह के पास या उसके ऊपर भूरे रंग के विक्षत हो जाते हैं, जो पौधे के तनों को चारों ओर से घेर लेती है जिससे ऊपर का भाग सूख जाता है प्रायः तने के किनारे फूलकर फट जाते हैं ।

(ग) बंझा रोगः ग्रसित पौधों में पत्तियां अधिक लगती हैं, पत्तियां छोटी तथा हल्के रंग की हो जाती हैं । ग्रसित पौधों में फूल नहीं आते, जिससे फलियां तथा दाना नहीं बनता । यह रोग माईट के द्वारा फैलता है।

समेकित कीट एवं रोग प्रबंधनः

1. ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई करनी चाहिए जिससे भूमि के अन्दर उपस्थित कृमिकोष तथा हानिकारक रोगों के कारक आदि नष्ट हो जाएं ।
2. नीम की खली 2 क्विंटल/हेक्टेयर अथवा मूंगफली की खली 10 क्विंटल/हेक्टेयर की दर से खेत की अन्तिम जुताई तक प्रयोग करना चाहिए ।
3. कीट एवं रोग अवरोधी/सहनशील प्रजाति जैसे–नरेन्द्र अरहर –1, 2, मालवीय चमत्कार, पूसा–2002, मालवीय विकास, पूसा–9, आशा आदि प्रजातियों को लगाना चाहिए ।
4. बीज बोने से पहले शोधन कार्य ट्राईकोडर्मा पाउडर की 5–10 ग्राम/किलोग्राम बीज दर से अथवा कार्बेण्डाजीम / थीरम (2 व 1 ग्राम/किग्रा0) से करना चाहिए । फाइटोफ्थोरा झुलसा रोग नियंत्रण हेतु बीज शोधन मेटालैक्जिल (एप्रान) की 6 ग्राम/किग्रा0 बीज दर से करना चाहिए ।
5. अरहर की बुवाई मेड़ पर करनी चाहिए, जिससे तना विगलन की समस्या से निजात पाया जा सके । खेत में जल भराव न होने दें ।
6. रोगग्रसित पौधों को जड़ सहित उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
7. बाजरे की लम्बी प्रजाति को अरहर के साथ उगाने से चिड़िया उन पर बैठकर कीटों का प्राकृतिक रूप से नियंत्रण करती हैं ।
8. अगेती व पिछेती बुवाई की दशा में कीटों का प्रकोप अधिक होता है। अतः देर से पकने वाली प्रजाति की बुवाई जुलाई में तथा शीघ्र पकने वाली प्रजातियों की बुवाई जून के मध्य में कर देनी चाहिए।
9. फसल की बुवाई संस्तुत दूरी (पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60–70 सेमी0 तथा पौध से पौध की दूरी 25 सेमी0) पर ही करनी चाहिए।
10. फली भेदक कीट के लिए जब फसल 60–65 दिन (सितम्बर–अक्टूबर) की हो जाए तब गन्धपास (फेरोमोन ट्रैप) का उपयोग करना चाहिए। एक से दूसरे गंधपास की दूरी 30 मीटर होनी चाहिए तथा फसल से 1–2 फिट ऊपर रहे। 14 दिन के अन्तराल पर ल्योर आवश्यकता अनुसार बदलते रहना चाहिए तथा उस पर आकर्षित नर प्रौढ़ कीट को नष्ट कर देना चाहिए।
11. फली भेदक कीट के 5–6 अण्डे/पौधा या 1–2 सूड़ी/पौधा से अधिक दिखायी देने पर नीम का सत 5 प्रतिशत घोल को 1 प्रतिशत साबुन के घोल के साथ मिलाकर छिड़काव करना चाहिए।
12. फली भेदक कीट की हानि आर्थिक क्षति स्तर पर पहुँचने पर 15 दिनों के अन्तराल पर एच0एन0पी0वी0 की 250 लार्वा समतुल्यांक मात्रा/हेक्टेयर की दर से 3 बार छिड़काव करना चाहिए । इस घोल को प्रभावी बनाने के लिए 0.5 प्रतिशत गुड़ व 0.1 प्रतिशत साबुन या टिपाल का घोल मिलाकर छिड़काव करना चाहिए।
13. यदि कीट का नियंत्रण सही तरीके से नहीं हो पा रहा हो तो रासायनिक कीटनाशी जैसे– इण्डाक्साकार्ब 15.8 प्रतिशत ई.सी. की 1 मिली0/लीटर पानी या स्पाइनोसैड 45 प्रतिशत एस.पी.1 मि0ली0/2लीटर पानी या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस. जी. की 1 मिली0/2–3लीटर पानी की दर से 50 प्रतिशत फूल आने तथा 50 प्रतिशत फली आने पर छिड़काव करना चाहिए ।
14. जिस खेत में उकठा रोग अथवा तना विगलन की समस्या हो तो उस खेत में 3–4 वर्ष का फसल चक्र अपनाना चाहिए।
15. बंझा रोग नियंत्रण हेतु मिल्वीमेक्टिन दवा की 1 मिली0/लीटर पानी की दर से या प्रोपारगाईट की 3 मिली0/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 2–3 छिड़काव 10–12 दिनों के अन्तराल पर करना चाहिए ।

उर्द एवं मूँग के प्रमुख कीटः

1. **फली छेदकः** इस कीट की सूड़ियां उर्द, मूँग की पहले पत्तियों को खाती हैं, बाद में जैसे ही फलियां बनना प्रारम्भ होती हैं, तो फलियों को भेदकर उनके विकसित हो रहे दानों को खाती जाती हैं। युवा सुंडी शुरुआत में कली, फूल और छोटी फलियों पर छेद करती हैं जिसके परिणामस्वरूप ये सूख कर गिर जाती हैं। फलियाँ बनने के समय छेद बनाकर अन्दर घुसकर दानों को आंशिक या पूरी तरह से खाती है और फलियों को मल और जाल से पूरी तरह से भर देती है। फलियों पर बड़ा सा छिद्र सुंडी के निकलने के समय दिखाई देता है। अंततः फलियों पर फफूंद पैदा होने के कारण फलियाँ ख़राब हो जाती हैं एवं उनसे दुर्गन्ध आती है।

2. **थ्रिप्सः** इसके शिशु एवं प्रौढ़ पत्तियों एवं फूलों का रस चूसते हैं, जिससे पत्तियां सिकुड़ जाती हैं, तथा फूल मुड़ने लगते हैं एवं गिर जाते हैं फलस्वरूप फलियां कम लगती हैं ।

3. **सफेद मक्खीः** इसके शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही पौधों की पत्तियों एवं कोमल तनों से रस चूसकर हानि पहुँचाते हैं। यह कीट पीला मोजैक रोग विषाणु को अधिक फैलाता है, जिससे पत्तियां पीली पड़कर सूखने लगती हैं। इसके अतिरिक्त फसल पर यह कीट मधुस्राव छोड़ता है, जिस पर बाद में काले रंग की फफूंद उग आती है, जिसके कारण प्रकाश संश्लेषण क्रिया सुचारू रूप से न होने से पौधे का विकास अवरूद्ध हो जाता है। प्रभावित पौधे से उत्पादन नहीं मिल पाता है।

उर्द एवं मूँग के प्रमुख रोगः

1. **पीला चितेरी रोगः** इसे पीला चितेरी रोग भी कहते हैं। यह एक विषाणु जनित रोग है, जो सफेद मक्खी द्वारा फैलता है। रोगी पौधों की पत्तियों पर पीले, सुनहरे चकत्ते पाये जाते हैं। रोग की उग्र अवस्था में पूरी पत्ती पीली पड़ जाती है। पत्तियां विरूपित होकर आकार में छोटी हो जाती हैं। रोगी पौधों में पुष्प एवं फलियां स्वस्थ्य पौधों की अपेक्षा कम लगती हैं। भयंकर स्थिति में फलियां या तो नहीं बनती अथवा बहुत छोटी बनती हैं । दाने सिकुड़कर छोटे हो जाते हैं।



2. **पर्णदाग रोगः** इसे पत्तियों का धब्बा रोग भी कहते हैं। यह एक फफूंद जनित रोग है। पत्तियों पर भूरे रंग के गोलाई लिए हुए कोंड़ीय धब्बे बनते हैं जिसमें बीच का भाग हल्के राख के रंग का या हल्का भूरा तथा किनारा लाल बैंगनी रंग का होता है। ये धब्बे तनों पर भी पाये जा सकते हैं । रोगी पौधों की पत्तियां फूल लगने के समय गिर जाती हैं। रोग की उग्र अवस्था में फलियों पर धब्बों के बनने से उनका रंग काला पड़ जाता है। बीज भी सिकुड़कर हल्के बनते हैं।

3. **पर्णव्याकुंचन (लीफ क्रिंकल):** इस रोग के विशिष्ट लक्षण पत्तियों की सामान्य से अधिक वृद्धि तथा बाद में इनमें सिलवटें या मरोड़ पड़ना (व्याकुंचन) होता है ये पत्तियां छूने पर सामान्य पत्तियों से अधिक मोटी तथा खुरदुरी प्रतीत होती हैं। इस रोग का प्रसार माहूँ कीट के द्वारा होता है।

4. **रूक्ष रोग (एन्थ्रेक्नोज):** पत्तियों एवं फलियों पर भूरे गोल धँसे हुए धब्बे पड़ जाते हैं। इन धब्बों का केन्द्र गहरे रंग का और बाहरी सतह चमकीली लाल रंग की होती है । संक्रमण बढ़ने पर पौधे के रोगग्रसित भाग जल्दी सूख जाते हैं ।

समेकित कीट एवं रोग प्रबंधनः

1. खेती की ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई करनी चाहिए, जिससे कीटों व रोगों के अवशेष तथा रोगग्रसित भाग तेज धूप से नष्ट हो जाएं।
2. रोग अवरोधी प्रजाति जैसे–उर्द की नरेन्द्र उर्द–1, पन्त उर्द 29, 30, 31, 35, यू0जी0–218, बसन्त बहार, आजाद उर्द–1, मांस–479, विश्वास, टाईप–9 आदि तथा मूँग की – पी0डी0एम0–54, 11, नरेन्द्र मूँग –1, पूसा–9531, स्वाति, मालवीय जागृति, पूसा रत्ना, सत्या, एम0एल0–131, 422 आदि प्रजातियों को बोना चाहिए ।
3. खेत को खरपतवारों से मुक्त रखना चाहिए जिससे कीटों व रोगों को संरक्षण न प्राप्त हो सके ।
4. बीज शोधन हेतु ट्राईकोडर्मा पाउडर की 5 ग्राम/किग्रा0 बीज अथवा वीटावैक्स 0.5 ग्राम/किग्रा0 बीज दर से करना चाहिए ।
5. रस चूसक कीट नियंत्रण हेतु बीज शोधन इमिडाक्लोप्रिड 70 प्रतिशत डब्ल्यू.एस की 3 ग्राम/किग्रा0 बीज दर से करके बुवाई करनी चाहिए ।
6. कीट नियंत्रण हेतु खेत की अन्तिम जुताई के समय कार्बोफ्यूरान 3 जी. की 25 किग्रा./हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए।
7. मक्का, ज्वार, बाजरा के साथ सह फसली खेती करनी चाहिए।
8. फली छेदक कीट निगरानी हेतु फेरोमोन ट्रैप 5/हेक्टेयर तथा नियंत्रण हेतु "T" के आकार की 60–70 डंडियाँ/हेक्टेयर लगानी चाहिए।
9. कीट व रोग से प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
10. नीम आधारित उत्पादों जैसे–नीम बाण, नीम गोल्ड, अचूक, निम्बीसिडीन आदि की 3–4 मिली0/लीटर पानी या नीम का सत की 5 मिली0/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए ।
11. फली छेदक कीट नियंत्रण हेतु 2–3 छिड़काव इण्डाक्साकार्ब 15.8 प्रतिशत ई.सी की 1 मिली0/लीटर पानी या स्पाइनोसैड 45 प्रतिशत एस.पी.1 मिली0/2लीटर पानी या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस.जी.की. 1 मिली0/2–3 लीटर पानी की दर से 50 प्रतिशत फूल आने तथा 50 प्रतिशत फली आने पर छिड़काव करना चाहिए। रस चूसक कीट सफेद मक्खी, थ्रिप्स, माहूँ के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0एल0 की 3 मिली0/10लीटर पानी की दर से छिड़काव करना चाहिए।
12. पर्णदाग रोग नियंत्रण हेतु क्लोरोथैलोनील 75 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 की 2 ग्राम/लीटर पानी या कैब्रियोटाप 60 प्रतिशत डब्ल्यू0जी0 की 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 2–3 छिड़काव 10 दिनों के अन्तराल पर करना चाहिए।

निष्कर्ष :

वर्तमान समय में दलहनी फसलों में कीट एवं रोगों की विविधता, संख्या, प्रकोप के समय एवं तरीकों में परिवर्तन हुआ है जिसे परंपरागत प्रबंधन विधि से नियंत्रित करना मुश्किल है ऐसे में एकीकृत दृष्टिकोण से कीट रोग प्रबंधन विधि की महत्ता बढ़ जाती है। एकीकृत प्रबंधन में हम उपयुक्त विधियों जैसे सांस्कृतिक नियंत्रण, जैविक नियंत्रण एवं रासायनिक नियंत्रण का मिश्रण करके कीटों की आबादी को आर्थिक क्षति स्तर के नीचे लाकर दलहनी फसलों को नुकसान से बचा सकते हैं। हम एकीकृत प्रबंधन में पारंपरिक कीटनाशक उपचार और स्थानीय ज्ञान को पूर्ण रूप से न त्याग कर उन्हें एक स्थाई प्रणाली में उपयोग करते है। यदि देखा जाय तो भारत में उगायी जाने वाली दलहनी फसलों की सीमित रोग प्रतिरोधी प्रजातियां उपलब्ध हैं। दलहनी फसलों की ज्यादातर प्रजातियां जैविक एवं अजैविक कारकों के प्रति संवेदनशील हैं। अतः जैविक एवं अजैविक कारकों द्वारा लगने वाले रोग एवं विकारकों का प्रारम्भिक स्तर पर पहचान कर उनका निवारण करना अच्छी पैदावार के लिए नितान्त आवश्यक एवं उपयोगी सिद्ध हो सकता है। उपर्युक्त प्रबंधन कार्यों को अपनाकर कीट एवं रोगों से दलहनी फसलों को बचाकर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही साथ पोषक तत्व की कमी को भी पूरा किया जा सकता है ।

एकीकृत कृषि

विषय विशेषज्ञ से समीक्षित

छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका में सुधार के लिए पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली

❑ डॉ. सुधांशु शेखर एवं डॉ. शिव मंगल प्रसाद

हमारे भारतवर्ष में ज्यादातर कृषक लघु और सीमान्त किसानों की श्रेणी में आते हैं जिनके पास जमीन का रकबा बहुत ही कम है। जलवायु परिवर्तन से सभी प्रभावित हो रहे हैं और हमारे इस श्रेणी के किसान तो ज्यादा। ऐसे में सिर्फ खेती के द्वारा उनके आजीविका में सुधार, आय में वृद्धि एवं परिवार को कुपोषणता से मुक्ति नहीं हो सकती है। ऐसे किसानों को पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली ही एक मात्र विकल्प है जो उन्हें विभिन्न प्रकार के संबल प्रदान कर उनके आजीविका में सुधार, आय में वृद्धि एवं परिवार को कुपोषणता से मुक्ति दिला सकती है। उनके खेतों की उर्वरता भी बरकरार रह सकती है और सालों भर रोजगार मिल सकता है।

हाल के वर्षों में खाद्य सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा, जल सुरक्षा के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यावरण संरक्षण दुनिया भर में प्रमुख मुद्दों के रूप में उभरे है। विकासशील देशों को इन मुद्दों से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और जलवायु परिवर्तन और वैश्वीकरण के दोहरे बोझ से भी जूझना पड़ रहा है। टिकाऊ कृषि की व्यापक अवधारणा के भीतर 'एकीकृत कृषि प्रणाली' विशेष स्थान रखती है, क्योंकि इस प्रणाली में कुछ भी बर्बाद नहीं होता है, एक प्रणाली का उपोत्पाद दूसरे के लिए निवेश/इनपुट बन जाता है। एकीकृत खेती मौजूदा एकल खेती (मोनोकल्चर) के दृष्टिकोण की तुलना में खेती के लिए एक एकीकृत या समन्वित दृष्टिकोण है । इस तकनीक में कृषि (खेती) के साथ–साथ बागवानी, पशुपालन, कुक्कुट पालन, मतस्य पालन को बढ़ावा दिया जाता है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। इस प्रणाली के अंतर्गत कृषि के कम से कम दो घटक या फिर दो से अधिक घटकों का समायोजन इस प्रकार करते है कि एक के समायोजन से दूसरे के लागत मे कमी लाये एवम् उत्पादन में वृद्धि करे जिससे कि किसानों को सालों भर आमदनी प्राप्त हो सके। इस प्रणाली में एक घटक दूसरे घटक के परिपूरक होते हैं यानि एक घटक का उपयोग दूसरे घटक में किया जाता है। इसमें शामिल घटकों के बीच में परस्पर प्रतिस्पर्धा अधिक न होकर दूसरे को सहायता करने वाले होते हैं ।

पशुधन परंपरागत रूप से किसानों के घर का एक अभिन्न अंग रहा है, क्योंकि यह न केवल कृषि उत्पादन में बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और कृषि अपशिष्टों के पुनर्चक्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से भूमिहीन मजदूरों, छोटे और सीमांत किसानों और खेतिहर महिलाओं के बीच पारिवारिक आय के पूरक और लाभकारी रोजगार पैदा करने का एक प्रमुख स्रोत है। पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली भारत में बढ़ती कृषि प्रणालियों में से एक है। इस प्रकार की कृषि प्रणाली का प्रचलन हमारे देश में अनादि काल से परम्परागत रूप से चला आ रहा है। कृषि प्रणाली के मूल सिद्धांत खेत के अपशिष्ट का उत्पादक पुनर्चक्रण है। एकीकृत कृषि प्रणाली में विभिन्न उपप्रणालियाँ एक साथ काम करती हैं जिसके परिणामस्वरूप उनके एकल उत्पादन के योग की तुलना में कुल उत्पादकता अधिक होती है। पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली में मछली–पशुधन के साथ–साथ पशुधन–फसल खेती प्रमुख घटक है। इसके अलावा, यह प्रणाली गरीब छोटे किसानों, जिनके पास फसल उत्पादन के लिए बहुत कम भूमि है और कृषि उत्पादन में विविधता लाने के लिए कुछ पशुधन हैं, नकद आय में वृद्धि, उत्पादित भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार और अप्रयुक्त संसाधनों के अवशोषण मे मदद करती है। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और आय वृद्धि पशु मूल के भोजन की मांग में पर्याप्त वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि फसलों और पशुओं के बीच प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है, फसल क्षेत्रों में वृद्धि, हरा चारा उत्पादन और चारागाह क्षेत्रों मे कमी होती जा रही है। पशुधन क्रांति मौजूदा उत्पादन की क्षमता को बढ़ा रही है, लेकिन यह पर्यावरणीय समस्याओं को भी बढ़ा रही है। इसलिए, जबकि उपभोक्ता मांग को पूरा करना आवश्यक है।

विकासशील देशों में तेजी से बढ़ती आबादी एवम् बढ़ते शहरीकरण और बढ़ती आय के कारण मानव के आहार में बदलाव हो रहा है, आहार में प्रमुख भोजन (अनाज और कंद) का उपयोग कम हो रहा है जबकि फलों, सब्जियों और पशु–स्रोत खाद्य पदार्थ (दूध, अंडे, मांस, और मछली) की मांग आहार में अधिक होने के कारण पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हो रही है। भूमि क्षरण एवम् जल का ह्रास तो हो ही रहा है साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन भी अधिक हो रहा है। इन मुद्दों को संतुलित करने के लिए मिश्रित फसल–पशुधन प्रणालियों की आवश्यकता है। पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली ग्रामीण भारत में छोटे और सीमांत किसानों के बीच एक पारंपरिक प्रथा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए डेयरी, बकरी पालन, भेड़ पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि के साथ फसल आधारित कृषि का विविधीकरण आवश्यक है। भूमि जोत की तुलना में पशुधन किसानों के बीच अधिक समान रूप से वितरित है। कृषि प्रणाली में प्रमुख मुद्दा कृषि अपशिष्ट के उत्पाद का पुनर्चक्रण होता है। एकीकृत कृषि प्रणाली में कृषि प्रणाली के विभिन्न घटक एक साथ कार्य करते हैं जिसके परिणामस्वरूप उनके व्यक्तिगत उत्पादन के योग की तुलना में कुल उत्पादकता अधिक होती है। कृषि वर्ष में 5–6 महीने की अवधि के लिए मौसमी रोजगार प्रदान करती है और पशुपालन कम अवधि के दौरान रोजगार प्रदान करता है। पशुधन क्षेत्र किसानों को पोषण

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा, झारखण्ड,
2. केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराउं भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग, झारखण्ड, 825301
ई–मेलः smp_crri@yahoo.in

सुरक्षा (दूध, मांस और अंडे) भी प्रदान करता है। पशुधन किसानों को आत्म–सम्मान प्रदान करता है, जब उनके उत्तम नस्ल के बैल और अधिक दुध देने वाले डेयरी पशु होते हैं। गाय के गोबर और अन्य चारे के कचरे को बहुमूल्य फार्म यार्ड खाद में विघटित किया जाता है। किसान गाय के गोबर का 40–60: इस्तेमाल खाद के रूप में और बाकी ईंधन के रूप में करते है। ग्रामीण भारत के अधिकांश हिस्सों में अभी भी विभिन्न कृषि कार्यों के लिए किसान बैलों पर निर्भर हैं। छोटे और सीमांत किसान खेती में प्रयुक्त होने वाले वस्तुओं और खेती से प्राप्त उत्पादों, दोनों की ढुलाई, और परिवहन के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल बहुत सारे ईंधन की बचत कर रहे हैं जो यांत्रिक शक्ति के संचालन के लिए आवश्यक वस्तु है।

